**दिनॉक 18.07.2024 को देवीपाटन मंडल की राश्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अन्तर्गत राज्य स्तर से आवंटित बजट के सापेक्ष किये गए व्यय की वित्तीय प्रगति की समीक्षा बैठक एवं जनपद बलरामपुर की चिकित्सा इकाइयों की भ्रमण की रिर्पोट**

पत्र संख्या एस०पी०एम०यू०/एन०एच०एम०/एम0एण्ड0ई/2024–25/04/1873 दिनांक 04.04.2024 के क्रम में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अन्तर्गत राज्य स्तर से आवंटित बजट के सापेक्ष किये गए व्यय की वित्तीय प्रगति की समीक्षा हेतु संचालित कार्यक्रमों की वित्तीय एंव भौतिक समीक्षा बैठक दिनॉक 18.07.2024 को अपर निदेशक चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण देवीपाटन मंडल की अध्यक्षता में आहूत की गयी, उक्त बैठक में सभी जिलों के अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी (आर0सी0एच0), जिला कार्यक्रम प्रबन्धक, जिला लेखा प्रबन्धक, जिला क्म्युनिटी प्रोसेस प्रबन्धक, मण्डलीय परियोजना प्रबन्धक, मण्डलीय लेखा प्रबन्धक एंव जनपद गोण्डा, बहराइच के मुख्य चिकित्सा अधिकारी, द्वारा प्रतिभाग किया गया जनपद बलरामपुर के मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा बैठक में प्रतिभाग नहीं किया गया।

उक्त समीक्षा बैठक में निम्न बिन्दुओ पर चर्चा की गयीः–

1. सर्वप्रथम कमिटेड एवं रेगुलर बजट में जिन मदों में कोई भी व्यय नहीं किया गया उन मदों में व्यय न होने के कारणों की समीक्षा की गयी।
2. जिन मदों में आवंटित बजट के सापेक्ष से कम व्यय हुआ हैं उन मदो की समीक्षा करके व्यय प्रतिशत बढाये जाने के निर्देश दिए गए।
3. वित्तीय वर्ष 2024–25 में जनपद गोण्डा एवं बलरामपुर के द्वारा कमिटेड धनराशि के सापेक्ष व्यय प्रतिशत काफी कम है दोनो जनपदों को यह निर्देशित किया गया कि कमिटेड के सापेक्ष धनराशि नियमानुसार व्यय सुनिश्चित करें।
4. जनपद बलरामपुर के एन0एच0एम0 का कार्य देख रहे वरिष्ठ सहायक श्री आर0 के0 श्रीवास्तव विगत लगभग 02 माह से कार्यालय से अनुपस्थित चल रहे है तथा उनके द्वारा रिकॉर्ड एवं पत्रावलियां जो उनके पास थी, उन्हें भी उपलब्ध नही कराया जा रहा है इस सम्बन्ध में निर्देशित किया गया कि संबंधित के विरुद्ध चेतवानी पत्र जारी करते हुए विधिक कार्यवाही करें।
5. जनपद बहराइच में कई ब्लाक लेखा प्रबंधको द्वारा कमिटेड बजट में वास्तविक देनदारी से अधिक बजट कमिट कराया गया था जिसके समबन्ध में निर्देशित किया गया कि आगामी वित्तीय वर्ष से वास्तविक देनदारी के सापेक्ष ही बजट कमिट कराया जाये।
6. पी.बी.आई./विभिन्न कार्यक्रमों के अन्तर्गत लाभार्थियों के भुगतान, आशा भुगतान, संविदा कर्मचारियों के वेतन आदि की नियमित समीक्षा करते हुये व्यय कराये जाने के निर्देश दिए गए।
7. जिला चिकित्सालय/सी.एच.सी./पी.एच.सी./एच.डब्लू.सी./एस.सी./वी.एच.एस.एन.सी. के अन्तर्गत आर.के.एस, अनटाईड, जे.ए.एस.के0 मे व्यय का प्रतिशत काफी कम है सभी

जनपदों को यह निर्देशित किया गया कि उक्त की समीक्षा कर व्यय कराया जाना सुनिश्चित कराये।

8. जिन जनपदों में आवश्यक वस्तुओ एवं सेवाओ हेतु निविदा किया जाना शेष हैं उन्हें निर्देशित किया गया कि नियमनुसार निविदा की कार्यवाही शीघ्र पूर्ण करायें।

मंडल की वित्तीय प्रगति की स्थिति निम्नवत्त हैं – धनराशि (लाख में)

**Expenditure against DHAP pre & post State visit**

*Amount in Lakhs*

| S. No. | Name of Division | Name of District | DHAP | Expenditure before Visit (1st Day of Visit) | Percentage | Expenditure after Visit (Last Day of Visit) | Increase in Expenditure |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Devipatan | Bahraich | 16145.75 | 1521.81 | 9.43 | 1728.70 | 206.89 |
| | | Balrampur | 10200.67 | 1025.45 | 10.05 | 1147.34 | 121.89 |
| | | Gonda | 14762.07 | 1589.40 | 10.77 | 1635.80 | 46.39 |
| | | Shrawasti | 6151.01 | 759.77 | 12.35 | 802.67 | 42.89 |
| **DEVIPATAN DIVISION** | | | **47259.50** | **4896.44** | **10.36** | **5314.50** | **418.06** |

**Expenditure against Committed pre & post State visit**


*Amount in Lakhs*

| S. No. | Name of Division | Name of District | DHAP | Expenditure before Visit (1st Day of Visit) | Percentage | Expenditure after Visit (Last Day of Visit) | Increase in Expenditure |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Devipatan | Bahraich | 1164.20 | 328.30 | 28.20 | 484.29 | 155.99 |
| | | Balrampur | 1030.91 | 50.36 | 4.89 | 61.48 | 11.12 |
| | | Gonda | 2360.14 | 174.57 | 7.40 | 291.15 | 116.59 |
| | | Shrawasti | 608.81 | 58.21 | 9.56 | 110.01 | 51.80 |
| **DEVIPATAN DIVISION** | | | **5164.06** | **611.44** | **11.84** | **946.94** | **335.50** |



**टीम के सदस्यों द्वारा जनपद बलरामपुर की निम्न इकाईयों का भ्रमण किया गया**

**समुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र उतरौला**

- परिसर में जगह –जगह गंदगी पाई गयी। कहीं–2 पर झाड़िया इत्यादि पाई गई, जिन्हे कटवाकर साफ–सफाई करने तथा परिसर का रंगरोगन कराने के लिए अवगत कराया गया।साथ ही परिसर में परिसर में आने वाले वाहनों के समुचित तरीके से खड़ा करवाने के लिए अवगत कराया गया।


- चिकित्सालय में पी0पी0पी0 मोड पर एक्स–रे संचालित है परंतु चिकित्सालय में एक्स–रे प्लेट उपलब्ध नहीं है, जिस हेतु अधीक्षक महोदय को मुख्य चिकित्साधिकारी तथा कृष्णा डायग्नोस्टिक को अवगत कराने हेतु कहा गया।
- चिकित्सालय में Medicine की Availability के बाहर लिखाने या बोर्ड लगवाने हेतु अवगत कराया गया।
- चिकित्सालय में अधिकांश स्थान पर Quality के नियमों के अनुरूप colour coded bins उपलब्ध नही पाये गये जिसे नियमानुसार रखवाने हेतु अवगत कराया गया।
- चिकित्सालय F.R.U. होने के बाद भी Blood Storage Freezer 1 माह से खराब है। Company को अवगत कराया गया। वह बैटरी खोलकर ले गये हैं परंतु अभी तक Freezer functional नहीं हुआ है। अधीक्षक महोदय को मुख्य चिकित्साधिकारी तथा कंपनी के प्रतिनिधि से वार्ता कर शीघ्र सही कराने के लिए कहा गया।
- पेथालोजी में Record Keeping के लिए Printed register उपलब्ध नहीं पाये गये।
- Trunat की 4 में से 1 यूनिट अक्रियाशील है। संबंधित कंपनी के इंजीनियर को अवगत करा दिया गया है परंतु अद्यतन सही नही हुई है। अधीक्षक महोदय को कंपनी के प्रतिनिधि से स्वयं वार्ता कर सही करवाने हेतु अवगत कराया गया।


- Labour में साफ सफाई की समुचित व्यवस्था पाई गई सभी Labour Table मैकिन्टोस इत्यादि ठीक थे तथा औषधियों का रख रखाव भी समुचित रूप से किया गया है। लेबर रूम में जिस भाग का Extension किया गया है वहाँ से दीवारों में सीलन आ रही है। लेबर रूम के स्टोर का रखरखाव समुचित रूप में रखने के लिये अवगत कराया गया।
- Labour room में लगी घड़ी का समय सही करने हेतु कहा गया।
- Labour room हेतु 2 Extra delivery set की आवश्यकता है। जिसका इंडेंट करने हेतु अधीक्षक महोदय को अवगत कराया गया।
- वार्डों में भी दीवार तथा छत पर सीलन पाई गयी चिकित्सालय में जगह–2 मरम्मत की आवश्यकता है जिस हेतु अधीक्षक महोदय के मुख्य चिकित्साधिकारी को अवगत कराने एवं मरम्मत करवाने हेतु एवं पत्र प्रेषित करने हेतु कहा गया।
- OT हेतु एक अतिरिक्त Monitor की आवश्यकता है। जनपद मुख्यालय पर indent करने हेतु कहा गया।
- OT में 4 आटोक्लेव है जिसमें से 2 खराब पाये गये अधीक्षक महोदय द्वारा अवगत कराया गया कि 4 की काई आवश्यकता भी नहीं है। अधीक्षक महोदय से 2 को सही कराकर स्टोर में रखने हेतु कहा गया।
- Vendor द्वारा BMW के 2024–25 के बिल प्रस्तुत नहीं किये गये हैं जिससे भुगतान नहीं हुआ है। अधीक्षक महोदय को Vendor से वार्ता कर प्रकरण के निस्तारण तथा उससे समय पर बिल प्रस्तुत करने हेतु कहा गया।
- सी0एच0सी0 क्लीनिंग का 3 साल से टेण्डर नहीं हुआ है।




- स्टोर में जगह अत्यंत कम है तथा समस्त रजिस्टर समुचित रूप से नहीं बनाये गये हैं जिन्हे सही करने तथा भविष्य में समुचित रूप में रखरखाव करने के लिए कहा गया।
- वार्ड में 4 में से 2 पंखे functional पाये गये जबकि शेष 2 पंखे नही चल रहे थें , अवगत कराया गया कि यहां electric wiring की fault है। यह भी अवगत कराया गया कि यह समस्या पूरी इकाई में है प्रायः electric city बाधित हो जाती है । उक्त के निराकरण हेतु अधीक्षक महोदय को अवगत कराया गया।

## अरोग्य मंदिर
## उपकेन्द्र–देवरिया मैनहा




1. अरोग्य मंदिर के आस–पास अत्यंत झाडी इत्यादि पाई गई जिसे साफ कराने हेतु अवगत कराया गया। साथ ही इकाई का रंगरोगन कराने हेतु भी अवगत कराया गया।







2- अरोग्य मंदिर में 24 घंटे पावर सप्लाई की व्यवस्था नही है जिस हेतु ए0एन0एम0 को प्रधान से सहयोग लेकर सोलर पैनल लगवाने हेतु अवगत कराया गया साथ ही डी0पी0एम0 को विद्युत कनेक्शन करवाने हेतु अग्रिम कार्यवाही करने के लिये कहा गया।

3- इकाई में रंगरोगन कराने की आवश्यकता है।

4- इकाई में कमरों के दरवाजे सड़कर खराब हो गये है जिन्हे बदलने की आवश्यकता है। साथ ही फर्श भी टूटी हुई है, जिसकी मरम्मत कराने हेतु अवगत कराया गया।





5. इकाई में प्रयोग होने वाले रजिस्टर प्रिटेड फार्मेट में उपलब्ध कराये गये है।
6. इकाई में Wall Painting के माध्यम से विभिन्न कार्यक्रमों के स्लोगन प्रदर्शित किये जाने हेतु अवगत कराया।
7. इकाई में हीमोग्लोबिनो मीटर, यूरिन स्ट्रिप, ग्लूकेस्ट्रिप इत्यादि उपलब्ध नहीं है जिसे उपलब्ध कराने हेतु DPM महोदय को कहा गया।

**<u>अरोग्य मंदिर</u>**
**<u>उपकेन्द्र–गालिबपुर</u>**



**कार्यवाही**

बैठक में उपस्थित सभी सबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को तत्काल समस्त लंबित बीजको के भुगतान 02 कार्यदिवस में कर FAMS पोर्टल पर अद्यतन करने के निर्देश देते हुये बैठक का समापन किया गया।

भ्रमण के दौरान दिनांक 18.07.2024 से 20.07.2024 को उपरोक्त तलिकानुसार जनपदो द्वारा कुल 7.53 करोड.का व्यय FAMS पोर्टल पर बुक किया गया।

29/07/2024
SANDEEP KANNOJIA
OFFICER AUDIT
SPMU-NHM

29-7-2024
विनीत श्रीवास्तव
कार्यक्रम समन्वयक
एस.पी.एम.यू., एन.एच.एम.

29/07/24.